# परमवीर मेजर शैतान सिंह का 62 वां बलिदान दिवस मनाया

**जोधपुर**, (कासं)। 1962 के भारत – चीन युद्ध में शौर्य और वीरता का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले परमवीर चक्र विजेता मेजर शैतान सिंह का 62वां बलिदान दिवस सोमवार को मनाया गया।

जोधपुर के पावटा स्थित परमवीर सर्किल पर स्थित मेजर शैतान सिंह की प्रतिमा के सामने राजकीय व सैन्य समारोह हुआ।

कलेक्टर गौरव अठावाल व परमवीर मेजर शैतान सिंह के बेटे नरपत सिंह भाटी ने पुष्प चक्र अर्पित कर परमवीर को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर ब्रिगेडियर प्रीतम , जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल डी एस खंगारोत , कर्नल वेर्टन अमृत कुलकर्णी ने पुष्प चक्र अर्पित कर परमवीर मेजर शैतान सिंह को नमन किया। वहीं एक मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री बटालियन ( 340 मैकेनाइज्ड ब्रिगेड का हिस्सा ) ने सशस्त्र सलामी व गार्ड ऑफ ऑनर दी।

बलिदान दिवस पर आयोजित समारोह में सेवानिवृत्ति ब्रिगेडियर महेंद्र सिंह जोधा , कर्नल एन एस भाटी, कर्नल भंवर सिंह , कर्नल जयदेव सिंह राठौड़, कमांडर गायड सिंह इंदा , कैप्टन उम्मेद सिंह राठौड़, कैप्टन जसवंत सिंह चंपावत , कैप्टन कोजाराम मेघवाल , बस्तीराम सुथार, सूबेदार मूल सिंह , नायक सूबेदार शैतान राम सेन , जेठाराम सुथार , सूबेदार टिकुराम चौधरी , सार्जेंट चंद्र राम विश्नोई , अमर सिंह , सैनिक कल्याण कार्यालय के सुरेश शर्मा, स्वरूप राम सहित अनेक पूर्व सैन्य अधिकारियों व गौरव सेनानियों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

वहीं मारवाड़ राजपूत सभा के अध्यक्ष हनुमान सिंह खांगटा , दलपत सिंह खींची , राजेन्द्र सिंह लीलिया, श्रवण सिंह राठौड़ , उम्मेद सिंह डाबड़ी, रणजीत सिंह ज्याणी चौपासनी विद्यालय के शारीरिक शिक्षक हितेंद्र सिंह बुचेटी , सवाई सिंह कुई , सुरेंद्र सिंह राठौड़ ,हनुमान सिंह शेखावत , हनवन्त हॉस्टल के वार्डन सूबेदार मदन सिंह सहित लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर परमवीर को श्रद्धांजलि दी।

केसरिया साफा बांधे हुए चौपासनी विद्यालय के छात्र, महाराजा हनवन्त सैनिक स्कूल चौपासनी के यूनिफॉर्म पहने छात्रों ने अपने विद्यालय के पूर्व छात्र परम वीर मेजर शैतान सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर हनवन्त हॉस्टल के छात्रों ने भी परमवीर मेजर शैतान सिंह की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित किए।



**जोधपुर के पावटा स्थित परमवीर सर्किल पर स्थित मेजर शैतान सिंह की प्रतिमा के सामने राजकीय व सैन्य समारोह हुआ।**

## एम.डी.एम. के जनरल वार्ड में आग लगी

**जोधपुर**, (कासं)। मथुरादास माथुर अस्पताल में आग लग गई। आगजनी में जनरल वार्ड में भर्ती महिला चपेट में आने से झुलस गई। आग फैलती उससे पहले ही स्टाफ ने काबू पा लिया। वहीं झुलसी महिला आईसीयू में है।

अधीक्षक डॉक्टर नवीन किशोरिया ने बताया– घटना रविवार रात ढाई बजे की है। हॉस्पिटल के जनरल वार्ड में पेट संबंधी परेशानी को लेकर महिला मरीज भर्ती थी। महिला ऑक्सीजन सपोर्ट पर थी। महिला के साथ एक अटेंडेंट था, जिसने रात को बीड़ी सुलगाकर डस्टबीन में फेंक दी। इसके बाद वह सो गया। उसे पता नहीं चला और डस्टबीन में आग लग गई।आग में महिला का ऑक्सीजन मास्क वाला हिस्सा जल गया। सूचना पर नर्सिंग स्टाफ वार्ड में पहुंचा और अग्निशमन यंत्र (फायर एक्सटिंग्विशर) से आग को बुझाया। महिला मरीज 20 प्रतिशत तक झुलस गई। उसे आईसीयू में एडमिट किया गया है। प्लास्टिक सर्जन को भी बुलाया गया है। अधीक्षक डॉक्टर नवीन किशोरिया ने बताया– हादसे को लेकर एक जांच कमेटी भी बनाई गई है। मौके पर नर्सिंग स्टाफ मौजूद था या नहीं। अगर लापरवाही सामने आती है, तो एक्शन लिया जाएगा।

वहीं अटेंडेंट के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी गई है। हॉस्पिटल में कोई धूम्रपान करता है, तो उस पर जुर्माना लगाया जाता है। अब मरीज के अटेंडेंट के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

# काव्य–कलश की गोष्ठी में साहित्य के रंग बरसे



**साहित्यिक संस्था काव्य–कलश के बैनर तले काव्य गोष्ठी जोधपुर में लक्ष्मीनगर स्थित कार्यालय पर हुई।**

**जोधपुर**, (कासं)। साहित्यिक संस्था–काव्य–कलश के बैनर तले एक काव्य गोष्ठी लक्ष्मीनगर स्थित कार्यालय पर संपन्न हुई। जिसमें नगर के हिंदी, उर्दू एवं राजस्थानी भाषा के उन्नीस प्रतिष्ठित कवियों तथा काव्य–प्रेमियों ने एक सोढ़ाढ़कर एक सुमधुर रचना–पाठ कर शमां बांध दिया।

काव्य–गोष्ठी का सधा हुआ संचालन कर रहे राजेन्द्र खिंवसरा ने सबसे पहले शहीद सेनानी स्व. लाला लाजपतराय को उनके बलिदान–दिवस (17 नवंबर) पर सदन की ओर से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

संस्था–अध्यक्ष मनोहर सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में सचिव श्याम गुप्ता शान्त ने "किसी भी राष्ट्र रुपी इमारत का ताज उसका बालक है"..से गोष्ठी का शुभारंभ किया।

प्रबुद्ध कवि व शायर अशफाक अहमद फौजदार, असरार आहिल, पत्रकार मिश्रीलाल पंवार, प्रसिद्ध रंगमंच–निर्देशक तथा कवि प्रमोद वैष्णव, एडवोकेट एन. डी. निम्बावत सागर, नवीन पंछी, वी. डी. दवे, हंसराज बारासा हंसा, उभरती कवयित्री नीलम व्यास स्वयंसिद्धा, मोहनदास वैष्णव रुक्मैय, किशनचंद्र वर्मा, राजेश अठाावत अमरावत, डॉ. तृप्ति गोस्वामी काव्यांशी, छगनराज राव, राजस्थानी कवि दिलीप राव दलपत एवं स्थापित कवयित्री दीपा परिहार ने अपनी–अपनी विविध शैलियों में रचना–पाठ कर काव्य–गोष्ठी को गरिमा प्रदान की।

तीन घंटे से अधिक तक अनवरत चले उक्त कार्यक्रम के समापन पर उपाध्यक्ष अशफाक अहमद फौजदार ने सभी आगंतुक कवियों एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# गुलामुद्दीन के पॉलीग्राफ टेस्ट की अर्जी पर सुनवाई

**जोधपुर**, (कासं)। ब्यूटीशियन अनीता चौधरी हत्याकांड के मुख्य आरोपी गुलामुद्दीन के पॉलीग्राफ टेस्ट करवाने की पुलिस की अर्जी पर कोर्ट में सुनवाई हुई। तीन सप्ताह बाद भी अनिता के शव के अंतिम संस्कार को लेकर गतिरोध बना हुआ है। परिजन पुलिस की ओर से करवाए गए पोस्टमार्टम को भी नकार चुके हैं। अनिता के पति मनमोहन चौधरी और पुत्र राहुल चौधरी कह चुके हैं कि मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए, क्योंकि उन्हें पुलिस पर भरोसा नहीं है। वहीं लगातार धरना चल रहा है।

### गुलामृद्दीन ने पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए किया मना

मुख्य आरोपी गुलामुद्दीन के पॉलीग्राफ टेस्ट को लेकर उसके अधिवक्ता की ओर से कोर्ट में जवाब पेश किया गया। इसमें कहा गया है कि गुलामुद्दीन ने पॉलीग्राफ टेस्ट करवाने को मना किया है। किसी व्यक्ति की अनुमति बिना उसका पॉलीग्राफ टेस्ट नहीं करवाया जा सकता है। गुलामुद्दीन के अधिवक्ता एमए राव ने बताया कि सोमवार को नोटिस का जवाब दे दिया गया है।

### ऑडियो को लेकर सुमन ने बदले सुर

इस मर्डर केस की गुत्थी सुलझाना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। एक तरफ मुख्य आरोपी गुलामुद्दीन गुमराह कर रहा है, दूसरी तरफ हत्याकांड के पीछे बड़े प्रॉपर्टी डीलर का नाम लेने वाली अनीता चौधरी की सहेली सुनीता सेन उर्फ सुमन भी अपने बयानों से पलट गई है।

अनिता की हत्या के बाद सुमन की एक रिकॉर्डिंग सामने आई थी। कॉल रिकॉर्डिंग में जहां सुमन प्रॉपर्टी कारोबारी पर कई आरोप लगा रही थी। वहीं अब वह कारोबारी को पहचानने से इनकार कर रही है। सुमन का कहना है कि कारोबारी का नाम उसने अनिता के मुंह से ही सुना था, कभी उसका चेहरा तक नहीं देखा था।

दरअसल अनिता के पति मनमोहन चौधरी और उसकी सहेली सुमन की एक 18 मिनट की कॉल रिकार्डिंग सामने आई थी। इस रिकार्डिंग में सुमन और मनमोहन अनिता के गायब होने के बारे में बात कर रहे हैं। इस मामले में प्रॉपर्टी कारोबारी पर अनिता के गायब होने और अनिता के पास कारोबारी जुड़े फोटो या वीडियो आने का जिक्र किया जा रहा है। इस कॉल रिकॉर्डिंग के बाहर आने के बाद ही पुलिस की जांच का एंगल बदला था।

पुलिस ने इस मामले में सुमन, कारोबारी सहित कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। सुमन ने बताया कि इस कॉल रिकॉर्डिंग के सामने आने के बाद पुलिस मुझे पूछताछ के लिए अपने साथ थाने ले गई।

सात दिन तक थाने में रखा और पूछताछ करते रहे। इस दौरान पुलिस ने मुझे कई बार पीटा और गालियां भी दीं। वह बार–बार एक ही सवाल पूछ रहे थे कि तुम क्या जानती हो बताओ...? इसके बाद पुलिस ने मुझे जेल भिजवा दिया। पांच दिन मैंने जेल में गुजारे और उसके बाद परिजनों ने मेरी जमानत करवाई है।

## पटेल ने सालावास में निरीक्षण किया

**जोधपुर**, (कासं)। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक मंत्री जोगाराम पटेल ने सोमवार को उप जिला अस्पताल सालावास का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जनरल ओपीडी, लेबर रूम, ऑपरेशन थिएटर कॉम्पलेक्स, इंजेक्शन एवं ड्रेसिंग कक्ष, ईसीजी कक्ष, एनसीडी क्लिनिक, पुरूष वार्ड,महिला वार्ड, डायलिसिस यूनिट, शिशु रोग वार्ड, जनाना वार्ड,एक्स रे एवं सोनाग्राफी कक्ष, लेबर रूम, टीकाकरण कक्ष, पंजीकरण रजिस्टर एवं दवाओं के स्टॉक का अवलोकन कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

अभियान चलाकर अस्पताल परिसर एवं वाड्र्स में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्मिकों को निर्देश दिए कि अस्पताल में समय पर उपस्थित रहकर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराएं।

पटेल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को क्षेत्र के चिकित्सा संस्थानों में अधिकाधिक औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने रजिस्ट्रेशन काउंटर, इलेक्ट्रिसिटी मरम्मत कार्य,आवश्यक सामठाी एवं शुद्ध पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही डायलिसिस विंग के शीघ्र सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। पटेल ने कहा कि मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। उन्होंने अस्पताल के वार्डों के अवलोकन के दौरान मरीजों एवं उनके परिजनों से बातचीत कर राज्य सरकार द्वारा मिल रही निःशुल्क दवा,निःशुल्क जांच सहित सुविधाओं का फीडबैक लिया।

सरपंच सालावास ओमाराम पटेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रताप सिंह, उप जिला अस्पताल प्रभारी डॉ किशोर चौधरी एवं डॉ रजत श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

# गुर्जर समाज की प्रतिभाओं व भामाशाहों का सम्मान



**गुर्जरों का बास बनाड़ जोधपुर में गुर्जर प्रतिभा सम्मान व भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया।**

**जोधपुर**, (कासं)। गुर्जरों का बास बनाड़ जोधपुर में गुर्जर प्रतिभा सम्मान व भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। गुर्जर कर्मचारी अधिकारी कल्याण परिषद के तत्वाधान में गुर्जर समाज की छात्र–छात्राओं, नव चयनित राजकीय कर्मचारियों को खेल एवं अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट सफल छात्रों को सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में 35० से अधिक प्रतिभाओं को सम्मान किया गया।

जोधपुर जिला अध्यक्ष महेंद्र गुर्जर ने बताया कि समारोह में दिनेश चाड, राजेश, उमेश, राकेश द्वारा गुर्जर समाज के जीकेप संस्था को शिक्षा के लिए बनाड में एक बीघा भूमि दान की गई। भामाशाह दिनेश को जैविक कृषि में प्रधानमंत्री द्वारा सम्मानित किया जा चुका है, आर्ट ऑफ लिविंग में दिनेश एवं उनके परिवार द्वारा ०3 बीघा भूमि दान की गई।

इस मौके पर समाज के भामाशाहों द्वारा बनाड में आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में उपयोगी भवन निर्माण के लिए समाज के भामाशाहों ने घोषणाएं की। समारोह में सभी भामाशाहों का सम्मान किया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में ईश्वर लाल गुर्जर आईपीएस का उद्बोधन किया उन्होंने बच्चों को मोटिवेट किया। ईश्वर लाल ने बताया कि विद्यार्थी का गुरू एवं साथी सही हो तो वो कोई भी सफलता प्राप्त कर सकता है।

ईश्वर लाल ने अपनी सफलता में अपने शिक्षक एवं मित्र महेन्द्रपाल जी आईएएस का बडा योगदान बताया।

भुराराम गुर्जर ने बताया कि कार्यक्रम में आईपीएस ईश्वर लाल, राजेंद्र तंवर होम सेक्रेट्री राजस्थान सरकार, हंसराज महासचिव, अश्विनी जिला रसद अधिकारी, महाधिवक्ता नीरज गुर्जर राजस्थान सरकार, प्रीति गुर्जर सहायक आयुक्त उद्योग जोधपुर, विष्णु प्रकाश, वैज्ञानिक पूनम, प्रोफेसर मीना कुमारी, आशा गुर्जर, सीआई शांति गुर्जर, प्रेम प्रदेश उपाध्यक्ष एवं रामेश्वर प्रवक्ता, दयाराम खटाना मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## सर्व ब्राह्मण समाज ने ज्ञापन दिया

**पाली**, (नि.सं.)। राजनगर में स्थित भूखंड पर सुंदरकांड का पाठ करते हुए लोगों पर हमले के मुख्य आरोपी सुरेंद्र सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार को सर्व ब्राह्मण समाज के लोगों ने अपनी पांच मांग को लेकर मुख्यमंत्री का नाम जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौंपा। पाली में अपने प्लॉट पर सुंदरकांड का पाठ कर रहे पंडित ओमदत्त समेत अन्य पंडितों पर जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में औद्योगिक नगर थाना पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुट गई है। सर्व ब्राह्मण समाज ने गुरुवार को भी ज्ञापन दकर शनिवार तक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार नहीं करने पर पाली बंद की चेतावनी दी थी।

श्रीमाली समाज के अध्यक्ष एडवोकेट पीएम जोशी ने बताया कि पीड़ित परिवार की सुरक्षा की जाए, वहीं घायल ओम दत्त अब 1 साल तक पूजा पाठ नहीं कर सकते इसलिए उनको मुआवजा दिया जाए। मुख्य आरोपी सुरेंद्र सिंह को 19 नवंबर तक गिरफ्तार नहीं किया तो पाली बंद होगा। जयशंकर त्रिवेदी, नरपत दवे, मोहित दवे, एडवोकेट एम एम बोड़ा, जितेंद्र व्यास विनोद दवे देवीलाल सोनी, प्रमोद दवे सोहनलाल सहित कई जने मौजूद रहे।

सीओ सिटी देरावसिंह सोढ़ा ने बताया कि मामले में आरोपी राजनगर (सरदारसमंद रोड) निवासी कुलदीपसिंह (27) पुत्र कुंदनसिंह, शहर के शेखावत नगर (कोतवाली थाना) निवासी कमलसिंह (35) पुत्र कायमसिह को गिरफ्तार किया है।

# स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित

**जोधपुर**, (कासं)। रोटरी भवन में रोटरी क्लब ऑफ जोधपुर की ओर से दिवाली स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में गायक अबिद द्वारा प्रस्तुत शानदार गीतों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इसके अलावा कार्यक्रम में मनोरंजक खेल, आतिशबाजी ने सभी का दिल जीत लिया।

इस अवसर पर वर्ष 2025–26 के बोर्ड सदस्यों को क्लब के अध्यक्ष डॉ. अरविंद जैन द्वारा सम्मानित किया गया। अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से सदस्यों के बीच आपसी जुड़ाव को मजबूती मिलती है। यह क्लब हमेशा सेवा और सद्भाव के साथ आगे बढ़ेगा।

क्लब सचिव अभिनव परिहार ने कहा कि ऐसे आयोजनों से क्लब और अधिक सशक्त होता है।

## निर्माण कार्यों का शिलान्यास

**जोधपुर**, (कासं)। संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने सोमवार का ग्राम पंचायत पाल में पाल पुलिस चौकी से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को जोड़ते हुए इंद्रोका नाडा तक सड़क निर्माण कार्य (लंबाई 3.5 किमी) लागत 119.25 लाख रुपए एवं महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पाल में 41.76 लाख रुपए के लागत से पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला एवं कंप्यूटर कक्ष के निर्माण कार्य का विधिवत पूजा– अर्चना कर शिलान्यास किया।

पटेल ने कहा कि आगामी दिसंबर माह में प्रदेश के समग्र आर्थिक विकास को समर्पित राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट होने वाली है। इस समिट से पूर्व सभी जिलों में इन्वेस्टर मीट में लगभग 18 लाख करोड़ रुपए से अधिक एमओयू साइन हो चुके है। इस आयोजन से प्रदेश भर में निवेश के अनुकूल वातावरण निर्मित हुआ है, जो राजस्थान के औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

पटेल ने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में मार्च 2025 तक 52 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। साथ ही वर्षों बाद ड्राइवर एवं चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों के पदों पर शीघ्र भर्ती की जाएगी।

पटेल ने कहा कि क्षेत्र के सभी विद्यालयों को चरणबद्ध रूप से विकसित किया जाएगा।जनभागीदारी से विद्यालय का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। निजी विद्यालय की अपेक्षा सरकारी विद्यालय का महत्व बढ़े इसके लिए हम मिलकर प्रयास करेंगे।

पटेल ने कहा कि जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों एवं ग्रामवासियों के साथ बैठक कर पेयजल समस्या के स्थाई समाधान के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाई जाएगी।

# अनिता मामले में आर–पार की लड़ाई होगी : बेनीवाल

**जोधपुर**, (कासं)। लोकतांत्रिक पार्टी के सुप्रीमो एवं नागौर सांसद हनुमान बेनिवाल ने कहा कि अनिता चौधरी हत्याकाण्ड एक सोची समझी साजिश के तहत हुआ है। इसमें जो भी दोषी हो उसे बेनकाब किया जाएं। राज्य सरकार इसमें सीबीआई की जांच करवाए और दोषियों को पकड़े। परिजनों की जो भी मांगे है उसे त्वरित स्तर पर मानें। अन्यथा जोधपुर में सर्व राजस्थान समाज के दो लाख लोग सडक़ों पर उतर आएंगे और आंदोलन को गति देंगे।

वे आज जोधपुर अनिता चौधरी हत्याकाण्ड पर धरनास्थल पर शामिल होने के साथ मीडिया से बातचीत कर रहे थे। बेनीवाल ने कहा कि यदि सरकार ने उनकी मांगे नहीं मानी तो ईंट से ईंट बजा देंगे। पहले भी सरकार को झुकाया है और अब फिर से सरकार को झुका देंगे। सरकार को चाहिए कि वह दोषी पुलिस कर्मियों डीसीपी, एसीपी और थानाधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित अथवा एपीओ करें। यह मसला एक जाति का नहीं बल्कि सोची समझी साजिश के तहत हुआ है। हत्याकाण्ड में सीबीआई जांच के बाद कई चेहरे बेनकाब हो जाएंगे। इसलिए सरकार जांच सीबीआई से करवाए।

बेनिवाल ने कहा कि पुलिस की संवेदनहीनता है कि उन्होंने पीड़ित परिवार को ही धमकाया है। पुलिस ने तेजाजी मंदिर में भी घुसने का प्रयास किया। जब उन्हें कहा गया तो वे रूके। परिवार को पुलिस ने खूब प्रताड़ित किया है। परिवार आज भी न्याय के लिए बैठा है। इस पूरे घटनाक्रम के पीछे कई और लोगों का भी हाथ है। कमिश्नर भी यहां बैठे है, मगर वे भी कुछ नहीं पाएं है। राजस्थान की गूंगी बहरी सरकार उपचुनाव में व्यस्त रही।

बेनिवाल ने कहा कि एसआई भर्ती परीक्षा रद्द की जानी चाहिए। यह परीक्षा पूरी तरह फर्जी तरीके से हुई है। कई लोग फर्जी तरीके से सबइंस्पेक्टर बने है, इसलिए यह परीक्षा रद्द होनी चाहिए। वहीं थप्पड़ कांड पर कहा कि गलती किसी सामान्य व्यक्ति से भी हो सकती है, मामले को तूल नहीं देना चाहिए।

# जैन समाज के 1 हजार श्रद्धालुओं का पैदल संघ नाकोड़ा तीर्थ रवाना

**पाली**, (नि.सं.)। पाली से नाकोड़ा तीर्थ के लिए सोमवार सुबह पैदल यात्रियों का संघ रवाना हुआ। दल के आगे घुड़सवार हाथ में झंडा लेकर चल रहा था। पीछे पंजाबी बैंड, भीनमाल का ढोल और गुजराती गेटअप में डांस करते कलाकार चल रहे थे। इस दौरान कच्छी घोड़ी डांस भी किया जा रहा था।

रास्ते में कई जगह–जगह फूल बरसाकर लोगों ने पदयात्रा का स्वागत किया। यह यात्रा नवलखा मंदिर से रवाना होकर मंडिया रोड होते हुए आगे बढ़ी। सोमवार को आठ किलोमीटर का सफर तय किया गया। रात्रि विश्राम गिरादड़ा गोशाला में किया जाएगा। सुबह गाजे–बाजे के साथ संघ पाली के नेहरू नगर स्थित अंकित कुमार, नरेशकुमार शाह के घर से रवाना हुआ। यात्रा पुराना बस स्टैंड, कलेक्ट्रेट होते हुए नवलखा मंदिर पहुंची। जहां पर संघ में पैदल जाने वाले श्रावक–श्राविकाएं शामिल हुए। संघ में शामिल महिलाओं ने रास्ते में मंगल गीत गाए।

संघ में हाथी और बग्गियों में लाभार्थी परिवार चल रहा था। उनके पीछे–पीछे भगवान नाकोड़ा के जयकारे लगाते जैन समाजबंधु चल रहे थे।

गौरतलब है कि सेठ नवलचंद सुप्रतचंद जैन श्वेताम्बर मूर्ति (तपागच्छ) देव की पेडी ट्रस्ट पाली की ओर से पाली के नवलखा पार्श्वनाथ तीर्थ से नाकोड़ा पार्श्वनाथ महातीर्थ के लिए छरी पालित महासंघ सोमवार सुबह 7 बजे रवाना हुआ। जो 27 नवम्बर को नाकोड़ा तीर्थ पहुंचेगा।



**पाली से नाकोड़ा तीर्थ के लिए पैदल यात्रियों का संघ रवाना हुआ।** फोटो–राष्ट्रदूत

संघ में करीब 800–1000 श्रावक–श्राविकाएं नाकोड़ा महातीर्थ के दर्शन करने पैदल जा रहे हैं। रोजाना करीब 12 से 16 किलोमीटर की यात्रा संघ में शामिल लोग करेंगे और विश्राम के दौरान धर्म ध्यान करेंगे। एक समय का ही भोजन करेंगे।

यात्री सुबह सवा 4 बजे उठेंगे, सुबह साढ़े 4 बजे राइय प्रतिक्रमण करेंगे, सुबह 5:40 बजे मंदिर से चैत्यवंदन व मांगलिक करेंगे, सुबह 6:03 बजे संघ प्रयाण होगा। सुबह 8:30 बजे गांव में प्रवेश, सुबह 9:15 बजे वाराणसी नगरी प्रवेश, सुबह 10 बजे स्नात्र महोत्सव व शंखाभिषेक, दोपहर 11 बजे एकासना, दोपहर 2 बजे आराम, दोपहर 3 बजे प्रवचन कार्यक्रम, शाम 5 बजे आराधकों को शाता पृच्छा, शाम 6 बजे प्रभु मिलन आरती, शाम साढ़े 6 बजे प्रतिक्रमण, शाम साढ़े 8 बजे भक्ति भावना और रात्रि साढ़े 9 बजे विश्राम किया जाएगा। यात्रा के दौरान यहां रात्रि विश्राम करेगा संघ पहले दिन 18 नवम्बर को 8 किलोमीटर की यात्रा कर संघ गिरादड़ा गांव की गोशाला पहुंच रात्रि विश्राम करेगा। 19 नवम्बर को सुकरलाई गांव में, 20 नवम्बर को मांडावास, 21 नवम्बर को खुटानी, 22 नवम्बर को मझल, 23 नवम्बर को कर्मावास, 24 नवंबर को मेली विहार धाम, 25 नवंबर को कीटनोट स्कूल, 26 नवम्बर को जसोल चार रास्ता रात्रि विश्राम करेगा और 27 नवम्बर को नाकोड़ा पहुंचेगा।

संघ की तैयारियों में जुटे पैदल संघ में गौतम मेहता अध्यक्ष, ओमप्रकाश छाजेड़ सचिव, ट्रस्टी रमेश पारख, धर्मेश गेमावत, उत्तम पोरवाल, अंकित शाह, नरेश कुमार शाह, मनीष तातेड, पंकज पोरवाल, भरत कवाड़, बसंत सिरोया, लक्ष्य भंडारी, धनेश बांग्लावाला दर्शित परमार, रोमिल खीवसरा, उमेश नाहटा, निखिल बोहरा, लक्षित भंडारी, प्रवीण सिरोया, मुकेश बुरड़, राहुल रेड, मयंक सिरोया, मिंटू पारख, नरेश मेहता आदि टीम व्यवस्थाओं में जुटी रहेगी।

## धोखाधड़ी का मामला

**जोधपुर**, (कासं)। चेक चुराकर 31.23 लाख रुपए खाते से निकालने के प्रयास का आरोप लगाकर व्यवसायी ने अपने परिचित व पूर्व पार्टनर के खिलाफ धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए बोरानाडा थाने में मामला दर्ज करवाया है। चेक क्लियरिंग में जाते ही बैंक की ओर से खाताधारक व्यवसायी को फोन पर जानकारी दी। तब खाताधारक ने भुगतान रुकवाया। मामला जुलाई महीने का है।

## समारोह हुआ

**भीनमाल**, (निसं)। ईश्वरीय विश्वविद्यालय राज योग केन्द्र ने रविवार को प्रभु वरदान भवन में राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर संगोष्ठी की। शांतिवन के जन सम्पर्क अधिकारी बीके कोमल, जोधपुर एवं पाली संभाग के वरिष्ठ पत्रकार माणक मल भंडारी, शेख रईस अहमद तथा डॉ गीता बहन का आतिथ्य रहा।

**Jalore Nagrik Sahakari Bank Ltd.**
Head Office : Near Haridav Joshi Circle , Jalore (Rajasthan)
Email: headoffice@jalorebank.com / Bank Website :- www.jalorebank .com Phone No. 9413854111

क्रमांक/जानासबैंकलि/7007 दिनांक:18.11.2024

**विज्ञप्ति**
वास्तुकार (Architect) पैनल हेतु निविदा

जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड को अपने नवीन बैंक भवन व भविष्य मे शाखाओ के परिसर में फर्नीचर एवं इन्टीरियर डिजाईनिग के लिए वास्तुकार (Architect) पैनल नियुक्त किया जाना है। आवेदन की अन्तिम तिथि 27 नवम्बर 2024 सांय 4 बजे तक निविदा बैंक प्रधान कार्यालय स्थित मुख्यकार्यकारी अधिकारी के कक्ष मे रखे गये टेण्डर बॉक्स मे डालना सुनिश्चित करे।

इस हेतु आवश्यक शर्ते / योग्यता की विस्तृत विवरण एवं जानकारी बैंक की वेब साईट www.jalorebank.com पर उपलब्ध है।

संचालक मण्डल की आज्ञा से
मुख्यकार्यकारी अधिकारी

**कार्यालय नगरपरिषद, जालोर (राजस्थान)**
(Hospital circle, Jalore, Rajasthan 343001)
Email –npjaloreraj@gmail.com

क्रमांक नपजा / SBM(U)2.0 / 2024–25 दिनांकः– 11.11.2024

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024–25 में नगर परिषद, द्वारा सर्विस लेवल बेंच मार्क का लक्ष्य निम्नलिखित क्षेत्रो के लिए पुरा कर लिया गया है।
(अ.) जलापूर्ति (Water supply)
(ब.) मल प्रबंधन (Sewerage and Sanitation)
(स.) ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन (Solid Waste Management)
(द.) वर्षा / तूफान जल निकासी (Storm Water Drainage)
यदि उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की 15 दिवस की समयावधि में नगर परिषद, कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत करें, बाद मियाद आपत्ति मान्य नही होगी।

राज.संवाद / सी / 24 / 7866 सो सूचित रहे। आयुक्त